प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 19.06.2024

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा की गयी, एक और कडी कार्यवाही।**
- **नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले 01 नफर इनामिया(20000 रुपये)/वांछित अभियुक्त को थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा किया गया, गिरफ्तार।**
- **थाना भोगनीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 269/2023 धारा 363/366/120बी/376 भा0द0वि0 व धारा 5J(2)/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित/पुरस्कार घोषित था, अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में महिला सम्बन्धी घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 23.08.2023 को वादी श्री लखन पुत्र श्री प्रसाद निवासी ग्राम परेहरापुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 269/2023 धारा 363/366/120बी भा0द0वि0 बनाम 05 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 18.06.2024 को धारा 376 भा0द0वि0 व धारा 5J(2)/6 पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। जिसमें थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 19.06.2024 को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में नामजद इनामिया(20000 रुपये)/वांछित अभियुक्त मोहित पुत्र ननकू उर्फ बर्रा निवासी ग्राम धमना थाना सजेती कानपुर नगर को पटेल चौक के पास पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तगण के विरुद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–

मोहित पुत्र ननकू उर्फ वर्रा निवासी ग्राम धमना थाना सजेती कानपुर नगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अंजन कुमार सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री धीरेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 236 विनोद पुरी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
4. कां0 418 गुलशन यादव थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
5. कां0 629 सोनू चौधरी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।
6. हे0कां0 267 सत्येन्द्र सिंह थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।